# प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, बेंगलूरु

**OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRCETOR OF AUDIT (CENTRAL), BENGALURU**

**राजभाषा अनुभाग/OFFICIAL LANGUAGE SECTION**

सं.प्र.नि.लेप.(कें.)/राभा.अनु./राभा.का.स./2026-27/81 दिनांक: 24.04.2026
No.PDA(C)/OL. Sec./OLIC/2026-27/81 Date: 24.04.2026

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चतुर्थ तिमाही बैठक के कार्यवृत्त
## Minutes of the Fourth Quarterly Meeting of Official Language Implementation Committee

प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, बेंगलूरु से संबंधित राजभाषा कार्यान्वयन समिति के वर्ष 2025-26 की चतुर्थ बैठक (दिनांक 31.03.2026 को समाप्त तिमाही के लिए) दिनांक 20.04.2026 को अप. 04.00 बजे सम्मेलन कक्ष, 'बी' ब्लॉक, प्रथम तल, प्र.नि.लेप.(कें.) में आयोजित की गई। श्री दीपक मैथ्यूज़, प्रधान निदेशक महोदय ने इस बैठक की अध्यक्षता की एवं सुश्री आर मोनिका, निदेशक/प्रशासन, सीमा शुल्क एवं कें.स्वा.नि., सुश्री मोनिषा टी.एम., निदेशक/सेडार व जीएसटी, विभिन्न स्कंधों/अनुभागों के वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारियों तथा सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों ने इसमें भाग लिया।

The Fourth Meeting of Official Language Implementation Committee (for the quarter ended 31.03.2026) in respect of Office of The Principal Director of Audit (Central), Bengaluru for the year 2025-26 was conducted on 20.04.2026 at 04.00 pm in Conference Hall, B' Block, 1st Floor, PDA(C). The meeting was presided by Mr. Deepak Mathews, The Principal Director., Ms. R Monica, Director/Admn, Customs & CAB, Ms. Monisha T.M., Director/CEDAR & GST, Senior Audit Officers and Assistant Audit Officers of various Wings/Sections attended the meeting.

बैठक में कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित पहलुओं पर विचार-विमर्श हुए तथा निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई:

In the meeting, the aspects related to the Official Language Implementation of the Office and the following points were discussed:

1. तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा

बैठक में सभी स्कंधों/अनुभागों की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने सभी स्कंधों/अनुभागों को हिंदी पत्राचार व टिप्पणी लेखन की प्रगति को बनाए रखने के निदेश दिए।

**(कार्रवाई: सभी स्कंधों/अनुभागों के व.लेप.अ.)**

1. **Review of Quarterly Progress Reports**

The quarterly progress reports of all the wings/sections were reviewed in detail during the meeting. During the review, the Chairman instructed all the wings/sections to maintain the progress of Hindi Correspondence & Notings.

**(Action: Sr.AOs of all Wings/Sections)**

**2. <u>मूल पत्राचार व टिप्पणी के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निदेश</u>**

सभी स्कंधों/अनुभागों के तिमाही प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि मूल पत्राचार के निर्धारित लक्ष्य (न्यूनतम 60%) व टिप्पणी के निर्धारित लक्ष्य (न्यूनतम 35%) की प्राप्ति अवश्य रूप से सभी स्कंधों/अनुभागों द्वारा सुनिश्चित की जाए तथा इसमें प्रगति भी की जाएं।

**(कार्रवाई: सभी स्कंधों/अनुभागों के व.लेप.अ.)**

**2. <u>Directions for the Achievement of the Targets of Correspondence in Original and Notings.</u>**

During the review of quarterly progress reports of all Wings/Sections, the Chairman directed that the achievement of the set target of Correspondence in Original (Minimum 60%) and the set target of Notings (Minimum 35%) must be ensured by all the Wings/Sections and the progress should be ensured.

**(Action: Sr.AOs of all Wings/Sections)**

**3. <u>हिंदी कार्यशाला की समीक्षा</u>**

अध्यक्ष महोदय ने "भाषिणी एवं अन्य अनुवाद टूल्स" पर राजभाषा अनुभाग द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। विभिन्न स्कंधों/अनुभागों के कार्यालयीन कार्यों में इन टूल्स के प्रयोग की वर्तमान स्थिति के बारे में भी उनके द्वारा पूछा गया। राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार प्रसार और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सभी को कार्यालयीन कार्यों में इन अनुवाद टूल्स का नियमित उपयोग करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग, सभी स्कंधों/अनुभागों के व.लेप.अ.)**

**<u>3. Review of Hindi Workshop</u>**

The Chairman inquired about the progress of Hindi Workshop organized by the Official Language Section on "Bhashini and other translation tools." The status of the use of these tools in the official work of various wings/sections was also inquired about. To promote the widespread dissemination and use of the Official language Hindi, it was directed to use these translation tools in their official work regularly.

**(Action: OL Section, Sr.AOs of all Wings/Sections)**

**4. <u>तिमाही प्रगति रिपोर्ट में आई कमी (संबंधित अनुभागों) का विश्लेषण</u>**

बैठक में प्रधान निदेशक ने ईडीपी व एचके अनुभागों तथा क्षे.क्ष.नि. व ज्ञा.कें. द्वारा हिंदी/द्विभाषी पत्राचार में आई कमी का कारण पूछा एवं इस कमी को दूर कर पत्राचार की प्रतिशतता को सुधार करने का निदेश दिया।

(कार्रवाई: व.लेप.अ./ईडीपी व एचके अनुभाग तथा क्षे.क्ष.नि.एवं ज्ञा.कें.)

**4. <u>Analysis of shortfall in Quarterly Progress Report (Relevant Sections)</u>**

In the meeting, the Principal Director asked the reason for shortfall in Hindi/Bilingual correspondence by EDP & HK and RCB & KC and directed to rectify the shortcomings and improve the percentage of correspondence.

**(Action: Sr.AOs of EDP & HK Section/ RCB & KC)**

**5. राजभाषा नियम 8(4) के अंतर्गत जारी व्यक्तिश: आदेश**

इस कार्यालय के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी कार्मिकों (मुख्यालय व फील्ड) को राजभाषा नियम 8(4) के अंतर्गत जारीकृत व्यक्तिश: आदेश (ई-मेल) की प्राप्ति सूचना लेने हेतु अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा अनुभाग को निदेश दिया।

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग)**

**5. Individual Orders issued under Official Language Rule 8(4)**

The Chairman directed the OL Section to take receipt of the Individual Orders (through e-mail) issued under Section 8(4) of the Official Language Rules to all the Officials of this office (Headquarters and Field) who are proficient in Hindi.

**(Action: OL Section)**

**6. वार्षिक कार्यक्रम (2026-27) पर चर्चा**

बैठक में अध्यक्ष महोदय ने भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा की तथा राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने निदेश दिया।

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग, सभी स्कंधों/अनुभागों के व.लेप.अ.)**

**6. Discussion on the Annual Programme 2026-27**

In the meeting, the Chairman discussed the Annual Programme for the year 2026-27 issued by the Government of India, Ministry of Home Affairs, Department of Official Language and directed to achieve the set targets related to the progressive use of the Official Language Hindi.

**(Action: OL Section, Sr.AOs of all Wings/Sections)**

*7. राजभाषा संसदीय समिति की प्रश्नावली पर चर्चा*

*बैठक में प्रधान निदेशक महोदय ने राजभाषा संसदीय समिति की प्रश्नावली पर चर्चा की तथा उन्होंने यह निदेश दिया कि प्रश्नावली में सम्मिलित बिंदुओं के अनुसार राजभाषा हिंदी का प्रयोग कार्यालय में सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में होने वाले राजभाषा संसदीय समिति के निरीक्षण के दौरान कार्यालय द्वारा आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जा सकें।*

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग, सभी स्कंधों/अनुभागों के व.लेप.अ.)**

**7. Discussion on Questionnaire of the Committee of Parliament on Official Language**

In the meeting, The Principal Director discussed the questionnaire of Committee of Parliament on Official Language and directed that the use of Official Language Hindi should be ensured in the office as per the points included in the questionnaire so that the necessary documents can be submitted by the office during the inspection of Committee of Parliament on Official Language in future.

**(Action: OL Section, Sr.AOs of all Wings/Sections)**

आगे, अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा अनुभाग/प्र.नि.लेप.(कें.), बेंगलूरु द्वारा कार्यालय में किए जा रहे राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी कार्य की प्रशंसा की तथा आगे भी इसी प्रकार प्रयास करते रहने हेतु निदेश व शुभकामनाएं दीं।

Further, the chairman appreciated OL Section/PDA(C), Bengaluru for the work being done in the office related to the implementation of Official Language and gave directions and best wishes for continuing it in a similar way.

sd/-
निदेशक/प्रशासन
**Director/Admn**

प्रतिलिपि सूचना एवं आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु/**Copy for information and further necessary action :**

1. सचि./प्र.नि.लेप.(कें.)/Sectt./PDA(C)
2. सभी ग्रुप अधिकारी/All Group Officers/PDA(C)
3. व.लेप.अ./प्रशा., ईडीपी & एचके, बिल्स, प्र.क., जीएसटी, कें.स्वा.नि., सीमा शुल्क, , सेडार, आईटीए, क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें., कल्याण अनुभाग, /Sr.AO./Admn., EDP & HK, Bills, DT, GST, CAB, Customs, CEDAR, ITA, RCB&KC, Welfare Section

अदिति

सहायक निदेशक (राभा)
**Assistant Director (OL)**